dwelling...Organization of ...

दूरभाष: 0522-2638108

# कार्यालयपरियोजनानिदेशक
## राज्य स्वच्छगंगा मिशन–उ0प्र0
नमामिगंगेतथाग्रामीणजलापूर्तिविभाग, उ0प्र0
प्लाट नं0–18, सेक्टर–7, गोमतीनगरविस्तार योजना, लखनऊ।
www.smcg-up.org, email: apd@smcg-up.org

पत्र संख्या: 77 /0649.C/एस.एम.सी.जी./01 दिनांक: 2023 30/01/2023

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला गंगा समिति,

जनपद– अलीगढ़, अमरोहा, आगरा, आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, औरैया, अयोध्या, अमेठी, बदायूं, बलिया, भदोही, बिजनौर, बुलन्दशहर, बाराबंकी, बस्ती, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बागपत, बरेली, चन्दौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फतेहपुर, फर्रूखाबाद, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, हाथरस, हापुड़, हमीरपुर, हरदोई, जौनपुर, जालौन, झांसी, कानपुर नगर, कानपुर (देहात), कन्नौज, कुशीनगर, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, मऊ, मिर्जापुर, मेरठ, मथुरा–वृन्दावन, महोबा, मुरादाबाद, महाराजगंज, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रयागराज, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, शाहजहाँपुर, सहारनपुर, सम्भल, शामली, सीतापुर, सुल्तानपुर, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, सोनभद्र, श्रावस्ती, उन्नाव, वाराणसी, कौशाम्बी, एवं कासगंज।

विषय:–विश्व वेटलैण्ड दिवस 02.02.2023 **(Theme-It's time for Wetlands Restoration)** को कार्यक्रम आयोजित कराने के संबंध में।

महोदय,

वर्ष 1971 के बाद वेटलैण्ड संरक्षण के जागरूकता हेतु विश्वस्तार पर प्रतिवर्ष 02 फरवरी, को विश्व वैटलेण्ड दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है।

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व वेटलैण्ड दिवस दिनांक 02.02.2023 को प्रदेश के समस्त जनपदों में मनाया जाना है। वेटलैण्ड, ताल, झील, पोखर, जलाशय, दलदल इत्यादि नाम से जाने जाते है। सामान्यतः वर्षा ऋतु में यह पूर्ण रूप से जलप्लावित हो जाते है। वेटलैण्ड्स अत्यंत उत्पादक जलीय पारिस्थितिकी–तन्त्र है, यह न केवल भण्डारण का कार्य करते हैं, अपितु बाढ़ के अतिरिक्त जल को अपने में समेट कर बाढ़ की विभीषिका कम करते है। वेटलैण्ड्स को 'बायोलोजिकल सुपरमार्केट' तथा "किडनीज् ऑफ दि लैण्डस्केप" (भू–दृश्य के गुर्दे) भी कहा जाता है क्योंकि ये विस्तृत भोज्य जाल उत्पन्न करने के साथ–साथ इनका पारिस्थितिकी तंत्र जलचक्र द्वारा जल को शुद्ध करता है तथा प्रदूषक अवयवो को निकाल देता है। ये पर्यावरणीय सन्तुलन में मनुष्य के सहाय है, जिनमे नाना प्रकार के जीव–जन्तु एक कोशकीय से कशेरूकी जीव तक पाये जाते हैं। ये समृद्ध जलीय जैवविविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं। उ0प्र0 के तराई क्षेत्र में नम एवं दलदल वेटलैण्ड्स, गांगेय मैदानों में आक्स–बो–लेक्सवेटलैण्ड एवं दक्षिणी विन्ध्य क्षेत्र व बुंदेलखण्ड क्षेत्र मानव निर्मित जलाशय/वेटलैण्ड्स है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश में 09 वेटलैण्ड रामसर साइट के रूप में घोषित है, जो कि जैविविधता एवं पारिस्थितिकी से समृद्ध है।

उक्त के क्रम में गंगा व उसकी सहायक नदियों के पुनरोद्धार के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिनमें वेटलैण्ड संरक्षण भी मुख्य रूप से सम्मिलित है। इसी क्रम में विश्व वेटलैण्ड दिवस 02, फरवरी, 2023, को विभिन्न गतिविधियाँ जैसे कि कार्यशाला, चित्रकला, स्लोगन एवं निबंध लिखित प्रतियोगिता, वेटलैण्ड वॉच (भ्रमण कार्यक्रम) ग्रामीण या शहरी वेटलैण्ड भ्रमण तथा गतिविधियों का प्रचार–प्रसार आदि जनपद स्तर पर स्थानीय संस्थाओं, विद्यालय के छात्र, एवं छात्राओं, नेहरू युवा केन्द्र, गंगा दूत, गंगा प्रहरी, गंगा टास्क फोर्स, गंगा मित्र तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला गंगा समिति को विश्व वेटलैण्ड दिवस–2023 आयोजित करने हेतु निम्नानुसार धनराशि आवंटित एवं स्वीकृत की जाती है।

| क्र0 सं0 | डी0जी0सी0 (ए–कैटेगरी) | बजट | डी0जी0सी0 (बी–कैटेगरी) | बजट | डी0जी0सी0 (सी–कैटेगरी) | बजट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | औरैया | 12,500 |
| 1. | बलिया | 50,000 | सहारनपुर | 26,000 | जालौन | 12,500 |
| 2 | भदोही | 60,000 | अलीगढ़ | 26,000 | शामली | 12,500 |
| 3 | बिजनौर | 50,000 | इटावा | 26,000 | बहराइच | 12,500 |
| 4 | बुलन्दशहर | 60,000 | मुजफ्फरनगर | 26,000 | अम्बेडकरनगर | 12,500 |
| 5 | चन्दौली | 50,000 | जौनपुर | 26,000 | आजमगढ़ | 12,500 |
| 6 | फतेहपुर | 50,000 | सुल्तानपुर | 25,000 | बाराबंकी | 12,500 |
| 7 | गाजीपुर | 60,000 | बांदा | 25,000 | गोण्डा | 12,500 |
| 8 | हापुड़ | 50,000 | चित्रकूट | 25,000 | पीलीभीत | 12,500 |
| 9 | हरदोई | 50,000 | झांसी | 25,000 | बस्ती | 12,500 |
| 10 | कन्नौज | 50,000 | सोनभद्र | 25,000 | सीतापुर | 12,500 |
| 11 | कानपुर नगर | 60,000 | अमेठी | 25,000 | सिद्धार्थनगर | 12,500 |
| 12 | कौशाम्बी | 50,000 | अमरोहा | 25,000 | संतकबीर नगर | 12,500 |
| 13 | मेरठ | 50,000 | बदायूं | 25,000 | बलरामपुर | 12,500 |
| 14 | मिर्जापुर | 50,000 | फर्रुखाबाद | 25,000 | देवरिया | 12,500 |
| 15 | प्रतापगढ़ | 50,000 | कासगंज | 25,000 | रामपुर | 12,500 |
| 16 | प्रयागराज | 50,000 | सम्भल | 25,000 | महोबा | 12,500 |
| 17 | राय बरेली | 50,000 | फिरोजाबाद | 25,000 | हमीरपुर | 12,500 |
| 18 | शाहजहाँपुर | 50,000 | | — | महाराजगंज | 12,500 |
| 19 | उन्नाव | 50,000 | | — | कुशीनगर | 12,500 |
| 20 | वाराणसी | 50,000 | | — | हाथरस | 12,500 |
| 21 | लखनऊ | 50,000 | | — | बागपत | 12,500 |
| 22 | गोरखपुर | 50,000 | | — | एटा | 12,500 |
| 23 | अयोध्या | 50,000 | | — | श्रावस्ती | 12,500 |
| 24 | मथुरा–वृन्दावन | 50,000 | | — | मऊ | 12,500 |
| 25 | आगरा | 50,000 | | — | ललितपुर | 12,500 |
| 26 | मुरादाबाद | 50,000 | | — | मैनपुरी | 12,500 |
| 27 | बरेली | 50,000 | | — | कानपुर देहात | 12,500 |
| 28 | गाजियाबाद | 50,000 | | — | लखीमपुर खीरी | 12,500 |
| 29 | गौतमबुद्धनगर | 50,000 | | — | | |

अतः उपरोक्त परिपेक्ष्य में अनुरोध है कि विश्व वेटलैण्ड दिवस-02, फरवरी, 2023 के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर समस्त गतिविधियों की रिपोर्ट, फोटोग्राफ्स, वीडियो क्लिप्स एवं उपयोगिता प्रमाणपत्र राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0 के कार्यालय एवं ई–मेल cleangangaup@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

30/1/23

(प्रवीण मिश्र)
अपर परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी / नोडल अधिकारी, जिला गंगा समिति।
2. सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी / सदस्य सचिव, जिला गंगा समिति।

30/1/23

अपर परियोजना निदेशक